doubtnut
India's Number 1 Education App

# MATHS

# NCERT - NCERT गणित(HINDI)

# निर्देशांक ज्यामिति

## उदाहरण

**1.** नीचे दी गई आकृति 3.11 को देखकर निम्नलिखित कथनों को पूरा कीजिएः

(i) बिंदु B का भुज और कोटि क्रमशः_ _ _ _ और _ _ _ _ हैं ।

अन्तः B के निर्देशांक (_ _ _ _ ) हैं ।

(ii) बिंदु M के x-निर्देशांक और y-निर्देशांक क्रमशः _ _ _ _ और _ _ _ _ हैं । अतः M के निर्देशांक (_ _,_ _) हैं ।

(iii) बिंदु L के x-निर्देशांक और y-निर्देशांक क्रमशः _ _ _ और _ _ _ हैं । अतः S के निर्देशांक (_ _ ,_ _ ) हैं ।

(iv) बिंदु S के x-निर्देशांक और y-निर्देशांक क्रमशः _ _ _ और _ _ _ हैं । अतः S के निर्देशांक (_ _, _ _) हैं ।



वीडियो उत्तर देखें

**2.** आकृति 3.12 में अक्षों पर अंकित बिंदुओं के निर्देशांक लिखिएः




आकृति 3.12

वीडियो उत्तर देखें

**3.** कातीर्य तल में बिंदुओं (5, 0), (0, 5), (2, 5), (5, 2), (-3, 5), (-3, -5), (5, -3) और (6, 1) का स्थान निर्धारण कीजिए ।

वीडियो उत्तर देखें

**4.** निम्नलिखित संख्या -युग्मों को कातीर्य तल के बिंदुओं के रूप में आलेखित कीजिए । अक्षों पर पैमाना 1 सेंटीमीटर = 1 एकक लीजिए ।

| $x$ | $-3$ | $0$ | $-1$ | $4$ | $2$ |
|---|---|---|---|---|---|
| $y$ | $7$ | $-3.5$ | $-3$ | $4$ | $-3$ |

वीडियो उत्तर देखें

## प्रश्नावली 3 1

**1.** एक अन्य व्यक्ति को आप अपने अध्ययन मेज पर रखे टेबल लैंप कि स्थिति किस तरह बताएँगे?

वीडियो उत्तर देखें

**2.** (सड़क योजना) : एक नगर में दो मुख्य सड़कें हैं, जो नगर के केंद्र पर मिलती हैं। ये दो सड़कें उत्तर-दक्षिण की दिशा और पूर्व-पश्चिम की दिशा में हैं। नगर कि अन्य सभी सड़कें

इन मुख्य सड़कों के समांतर परस्पर 200 मीटर की दुरी पर हैं । प्रत्येक दिशा में लगभग पांच सड़कें हैं । 1 सेंटीमीटर = 200 मीटर का पैमाना लेकर अपनी नोट बुक में नगर का एक मॉडल बनाइए। सड़कों को एकल रेखाओं से निरूपित कीजिए । आपके मॉडल में एक-दूसरे को कटती हुई अनेक क्रॉस-स्ट्रीट (चौराहे) हो सकती हैं । एक विशेष क्रॉस -स्ट्रीट दो सड़कों से बानी है, जिनमे से एक उत्तर-दक्षिण दिशा में जाती है और दूसरी पूर्व-पश्चिम की दिशा में । प्रत्येक क्रॉस-स्ट्रीट का निर्देशन इस प्रकार किया जाता हैः यदि दूसरी सड़क उत्तर-दक्षिण दिशा में जाती है और पाँचवी सड़क पूर्व-पश्चिम दिशा में जाती है और ये एक क्रॉसिंग पर मिलती हैं, तब इसे हम क्रॉस-स्ट्रीट (2,5) कहेंगे । इसी परंपरा से यह ज्ञात कीजिए कि

(i) कितनी क्रॉस-स्ट्रीटों को (4, 3) माना जा सकता है ।

(ii) कितनी क्रॉस-स्ट्रीटों को (3, 4) माना जा सकता है ।

वीडियो उत्तर देखें

## प्रश्नावली 3 2

**1.** निम्नलिखित प्रश्नो में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिएः

(i) कार्तीय तल में किसी बिंदु कि स्थिति निर्धारित करने वाली क्षैतिज और ऊध्वार्धर रेखाओं के क्या नाम हैं ?

(ii) इन दो रेखाओं से बने तल के प्रत्येक भाग के नाम बताइए।

(iii) उस बिंदु का नाम बताइए जहाँ ये दो रेखाएँ प्रतिच्छेदित होती हैं I

वीडियो उत्तर देखें

**2.** आकृति 3.14 देखकर निम्नलिखित को लिखिएः

(i) B के निर्देशांक

(ii) C के निर्देशांक

(iii) निर्देशांक (-3, -5) द्वारा पहचाना गया बिंदु

(iv) निर्देशांक (2, -4) द्वारा पहचाना गया बिंदु

(v) D का भुज

(iv) बिंदु H कि कोटि

(vii) बिंदु L के निर्देशांक

(viii) बिंदु M के निर्देशांक




आकृति 3.14

वीडियो उत्तर देखें

## प्रश्नावली 3 3

**1.** किस चतुर्थांश में या किस अक्ष पर बिंदु (-2, 4), (3, -1), (-1, 0), (1, 2) और (-3, -5) स्थित हैं? कातीर्य तल पर इनका

स्थान निर्धारण करके अपने उत्तर सत्यापित कीजिए।

वीडियो उत्तर देखें

**2.** अक्षों पर दुरी का उपयुक्त एकक लेकर नीचे सरणी में दिए गए बिंदुओं को तल पर आलेखित कीजिए:

| $x$ | – 2 | –1 | 0 | 1 | 3 |
|---|---|---|---|---|---|
| $y$ | 8 | 7 | – 1.25 | 3 | – 1 |

वीडियो उत्तर देखें